an>

Title: Need to take action against persons involved in corporate frauds.

श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज) : मैडम, हमारे देश में कॉरपोरेट फ्रॉड को रोकने के लिए सरकार की अलग-अलग संस्थायें हैं। लेकिन आप देखेंगे तो there is an unfortunate development that there is nothing substantial done so far to stop these frauds and to penalise the culprits. यहां तक कि जब वे पकड़े भी जाते हैं, कोर्ट निर्देश देती है, मैं अपने दो-ढ़ाई दशक के अनुभव से कहता हूं कि आप थक जायेंगे, वह एक ऐसा कॉबवेब होगा, कोर्ट, कचहरी, सबसे अच्छे-अच्छे वकील लगाये जायेंगे, लेकिन न तो उनको सजा मिलेगी, न सरकार उसको दुरुस्त करने के लिए कोई बन्दोबस्त करेगी। हमारे पास सीबीआई, ईडी और सेबी है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप विÂषय को बढ़ा रहे हैं।

श्री मोहम्मद सलीम: मैं अपने स्पेसिफिक विÂ◌ाय पर बोल रहा हूं। मैं याद दिला रहा हूं कि इतने एजेंसीज हैं, कंपनी लॉ बोर्ड है, रजिस्टर्ड कंपनीज चेन्नई और सिलॉंग में, मैं स्पेसिफिक कंपनी की बात कह रहा हूं। ...(व्यवधान) उसके बारे में ऑर्डर भी हुआ, लेकिन देखा जाए तो न कोई इंतजाम सरकार की तरफ से है और न कोई इंतजाम एजेंसी की तरफ से है। डालमिया भारत लिमिटेड, जब हम बड़े कॉरपोरेट के नाम यहां कहेंगे तो जैसे कोर्ट में इन्जंगशन होता है, यहां भी इंजंगशन लग जायेगा। मैं सीधी बात कर रहा हूं। ऐसा लगता है कि वÂर्षों से वे सरकार को चूना लगा रही है, टैक्स पर चूना लगा रही है, बैंकों को चूना लगा रही है, लेकिन वह कोलकाता और चेन्नई अलग-अलग कोर्ट में जाकर अपने फैसले को रोकने का बंदोबस्त कर रहे हैं। फाइनैंस मिनिस्ट्री की जितनी एजेंसीज हैं और फाइनैंस मिनिस्ट्री कोई ऐक्शन नहीं ले रही हैं। यह एक उदाहरण है। मैं ऐसे सैंकड़ों कंपनी का नाम गिना सकता हूं।...(व्यवधान) जो कंपनीज लॉ बोर्ड में गलती पकड़ी जाती है लेकिन सजा नहीं मिल रही है। आप कुछ सरकार को कहिए।...(व्यवधान) "न खाऊंगा और न खाने दूंगा' वाली सरकार है, इस रोकथाम का और बंदोबस्त करे। सरकार को जो चूना लग रही है, उसके बारे में इंतजाम करे, बंदोबस्त करे।

माननीय अध्यक्ष : श्री रवीन्द्र कुमार जेना को श्री मोहम्मद सलीम द्वारा उठाए गए विÂ◌ाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

HON. SPEAKER: Shri Bharat Singh. Is he there?

क्या कर रहे हो? आपस में बातें कर रहे हो। आपको मालूम नहीं है कि आपका नाम बुलाया गया है।